मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-189
10/05/2022

मशहूर संतूर वादक पंडित शिव कुमार शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 10 मई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मशहूर संतूर वादक पंडित शिव कुमार शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि पद्म विभूषण से सम्मानित मशहूर संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा जी के निधन से भारतीय शास्त्रीय संगीत को अपूरणीय क्षति हुयी है। संतूर वादन को उन्होंने पूरे विश्व में पहचान दिलाई। वे कलाकारों के लिये प्रेरणास्रोत रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******